## खबर संक्षेप

### 31 दिसंबर से 4 जनवरी तक शालेय अवकाश

**पांढुर्ना :** इस बार मध्यप्रदेश शासन ने शालेय अवकाश को दिसंबर में देने की बजाय 31 दिसंबर से 4 जनवरी कर दिया है। ज्ञात हो कि इसके पहले परंपरा रही है कि दिसंबर के अंत में 4-5 दिनों के लिए शालेय अवकाश दिया जाता रहा है। लेकिन इस बार मध्यप्रदेश शासन ने अवकाश के दिनों बदलाव कर दिया है। इस बात से शालेय छात्र एवं छात्राएं काफी खुश है। अधिकांश शालेय छात्राएं इस बात को लेकर काफी उत्साहित है कि अब वे नया साल अपने अभिभावकों के साथ मनपसंद स्थान पर जाकर पिकनिक करेंगे तथा नववर्ष को और अधिक उत्साह एवं ऊमंग से मनाएंगे।

### ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर नियंत्रण संबंधी बैठक संपन्न


**छिन्दवाड़ा।** राज्य शासन द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में कलेक्टर श्री मनोज पुष्प की अध्यक्षता में आज कलेक्टर कार्यालय के मिनी संवाद कक्ष में धार्मिक स्थलों व अन्य स्थानों में ध्वनि विस्तारक यंत्रों व नियम विरूध्द प्रयोग कर नियंत्रण के संबंध में समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री विनायक वर्मा, अतिरिक्त कलेक्टर श्री के.सी.बोपचे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अवधेश प्रताप सिंह, एसडीएम श्री सुधीर कुमार जैन, आयुक्त नगरपालिक निगम श्री राहुल सिंह राजपूत, परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण श्री आर.एस.बाथम, जिला अभियोजन अधिकारी श्री समीर पाठक, म.प्र.प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, खाद्य एवं औषधि सुरक्षा प्रशासन, पुलिस और अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर श्री पुष्प ने निर्देश दिये कि सर्वोच्च न्यायालय और म.प्र.उच्च न्यायालय खंडपीठ जबलपुर द्वारा पारित आदेश एवं ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियम 2000 के अंतर्गत उड़नदस्ता दलों का गठन कर धार्मिक स्थलों के धर्मगुरूओं से संवाद व समन्वय के आधार पर अवैध लाउड स्पीकरों को हटाने की कार्यवाही करें।

### पोस्टमार्टम के लिए भेजा जिला अस्पताल, घटना का कारण अभी है अज्ञात

# विधायक वाल्मीकि की पुत्र वधू ने फांसी लगाकर दी जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया



परासिया विधायक सोहन वाल्मीकि की पुत्र वधू ने गुरूवार सुबह खुद को फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। यह खबर लगते ही क्षेत्र में सनसनी फ़ैल गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार विधायक सोहन वाल्मीकि के बड़े पुत्र आदित्य वाल्मीकि की पत्नी मोनिका ने गुरुवार सुबह अपने कमरे में आदित्य के अपने काम पर जाने के बाद खुद को फांसी पर लटका लिया। घटना के दौरान विधायक एक स्कूल के कार्यक्रम में गए हुए थे। उनका छोटा पुत्र भी ड्यूटी गया हुआ था। मृतिका का पति जब करीब 11 बजे टिफ़िन लेने घर लौटा तब उसने अपने कमरे का दरवाजा खटखटाया, दरवाजा अंदर से बंद था। कुछ देर जब दरवाजा नहीं खुला तो उसे तोडा गया। जिसके बाद मृतिका फंदे से लटकी मिली। परिवार वालो ने तुरंत इसकी सूचना विधायक को दी। मृतिका को तत्काल सेवादूत हॉस्पिटल ले गए। वहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित करने के साथ साथ पुलिस को भी सूचना दी। जिसके बाद पुलिस एफएसएल टीम के साथ मौके पर पहुंची। टीम ने अस्पताल और मृतिका के कमरे की बारिकी से जांच की है।

**दो दिन पहले ही लौटी है मायके से :-** मृतिका की शादी 3 साल पहले हुई है। वह 15 दिन पूर्व अपने मायके इटारसी गई हुई थी। अभी दो दिन पहले ही वह लौटी थी। मायके वाले शाम 6 बजे परासिया पहुंचे। आज शुक्रवार को छिंदवाड़ा में पोस्ट मार्टम होगा। घटना के कारण अभी अज्ञात हैं।

### कलेक्टर श्री पुष्प ने दिए सख्त निर्देश

## खुले में पशु मांस एवं मछली विक्रय के विरुद्ध चलेगा अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

कलेक्टर छिंदवाड़ा श्री मनोज पुष्प द्वारा गुरुवार को बिना अनुज्ञप्ति अथवा लायसेंस शर्तो का उल्लंघन करते हुए खुले में पशु मांस तथा मछली के विक्रय के संबंध में आदेश जारी किया गया।

आदेश में कलेक्टर द्वारा नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा हेतु एक गठन का दल किया गया जिसमे निगम अधिकारी शामिल है -1. श्रीमती दृष्टि चौबे, नायब तहसीलदार, छिन्दवाड़ा (शहर)2 श्री गोपेश मिश्रा, खाद्यय सुरक्षा अधिकारी, जिला छिन्दवाड़ा3. संबंधित जोनल अधिकारी, नगर पालिक निगम छिन्दवाड़ा4. श्री अनिल मालवी, प्र. स्वास्थ्य अधिकारी, नगर पालिक निगम छिन्दवाड़ा 5. श्री साजिद खान, अतिक्रमण निरोधी दल प्रभारी, नगर पालिक निगम छिन्दवाड़ा6. संबंधित स्वच्छता निरीक्षक, नगर पालिक निगम छिन्दवाड़ा दल द्वारा प्रारंभ में खुले में पशु मांस एवं मछलियों के विक्रय न करने की समझाइश देते हुए दुकानों को हटाया जाएगा।

इसके बाद भी आदेशो की अवहेलना करने पर दुकानों पर निकाय के अतिक्रमण निरोधी दस्ते, स्थानीय पुलिस प्रशासन तथा पशु चिकित्सा अधिकारी के साथ सामन्जस्य से कार्यवाही की जायेगी। इस हेतु निगमायुक्त राहुल सिंह ने मार्गदर्शन में दिनांक 15/12/2023 से 31/12/2023 तक विशेष अभियान चलाते हुये प्रतिबंधात्मक कार्यवाही सुनिश्चित किये जाने के निर्देश जिला कलेक्टर छिंदवाड़ा द्वारा दिए गए। कलेक्टर यह आदेश गुरूवार को जारी कर दिए है। निगम द्वारा खुले में मांस की दुकानों को हटवाया जाएगा।

### आंगनवाड़ी केन्द्र निर्धारित समय पर खुलें- कलेक्टर

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर मनोज पुष्प ने निर्देश दिये कि एकीकृत बाल विकास परियोजना के सभी परियोजना अधिकारी और पर्यवेक्षक नियमित रूप से आंगनवाडी केन्द्रों का निरीक्षण करें और यह सुनिश्चित करें कि सभी आंगनवाडी केन्द्र निर्धारित समय पर खुलें जिससे बच्चों और महिलाओं को आंगनवाड़ी केन्द्रों से निर्धारित सेवायें मिल सकें। कलेक्टर श्री पुष्प ने ये निर्देश आज मेडीकल कॉलेज के सभाकक्ष में महिला एवं बाल विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक में दिये।

बैठक में सहायक कलेक्टर सुश्री वैशाली जैन, संयुक्त कलेक्टर एवं प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती ज्योति ठाकुर, सहायक संचालक डॉ.मोनिका बिसेन व श्री हेमंत छेकर, एकीकृत बाल विकास परियोजना के सभी परियोजना अधिकारी व पर्यवेक्षक और अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## रमेश उज्जैन में विद्या वाचस्पति उपाधि से सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

पांढुर्ना निवासी साहित्य में अभिरूची रखने वाले रमेश कोरडे को कल इंदौर में श्री मौनतीर्थ हिंदी विद्यापीठ की ओर से प्रतिष्ठित विद्या चास्पति उपाधि से सम्मानित किया गया। रमेश कोरडे को यह सम्मान विद्यापीठ के उज्जैन में संपन्न द्वितीय राष्ट्रीय अधिवेशन में प्रदान किया गया। श्री कोरडे को यह विशेष उपाधि विद्यपीठ के परमाध्यक्ष महामण्डलेश्वर स्वामीश्री डॉ. सुमनानंद गिरी महाराज, मुंबई की सुविख्यात सूफी गायिका कविता सेठ तथा संयोजक डॉ. विद्यासागर उएपाध्याय के हस्ते प्राप्त हुई।

### छः दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी हुए विनियमित

**छिंदवाड़ा।** मध्यप्रदेश शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय भोपाल के आदेश अनुसार नगरीय निकायों मे दै०वे०भो० कर्म० / श्रमिकों को स्थायीकर्मी योजना मे विनियमित किये जाने वाली नीति के संबंध मे एम.आई.सी के पारित निर्णय अनुसार नगर निगम आयुक्त राहुल सिंह द्वारा विनियमितीकरण से वंचित पात्र दै०वे०भो० कर्म० / श्रमिकों का पात्रतानुरूप नियमानुसार विनियमित किए जाने के संबंध मे आवेदन मांगे गए थे। जिसमे कर्मचारियों के अपने आवेदन एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किए। इन अभिलेखों के परीक्षण हेतु निगमायुक्त द्वारा एक समिति का गठन किया गया था।

इस समिति द्वारा प्राप्त आवेदनों में से छः कर्मचारियों अशोक पिता कुंवरलाल साहू, नीरज पिता सुरेश गोदरे, दीपक पिता जमना सोनी, जयदेव झनकू धुर्वे, जय पिता राजू गौहर एवं अनीश पिता गोविंद चांडले को पात्र पाया। निगमायुक्त राहुल सिंह ने समिति के रिपोर्ट के आधार पर इन कर्मचारियों के विनियमितिकरण का अनुमोदन किया।

## ननि आयुक्त के निर्देश पर जगन्नाथ जोन में आयोजित हुई समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा



नगर निगम आयुक्त राहुल सिंह द्वारा समय सीमा में सभी जोनल अधिकारियों को राजस्व समीक्षा बैठक करने के निर्देश दिए गए हैं। जिसके पालन में गुरुवार शाम को निगम के जगन्नाथ स्कूल जोन में राजस्व वसूली की समीक्षा बैठक बुलाई गई। बैठक में जोन के सभी वार्ड एआरआई एवं जलकर वसुलीकर्ता उपस्थित रहे।

बैठक में जोनल अधिकारी ब्रजेश पांडे द्वारा शत प्रतिशत बिल के वितरण एवं डोर टू डोर वसूली के निर्देश दिए गए इसके साथ ही वार्ड में संचालित सभी दुकानों के ट्रेड लाइसेंस बनाने के निर्देश भी दिए गए। दुकानदारो के लाइसेंस न बनवाने पर चालानी कार्यवाही के निर्देश दिए गए। इस बैठक में जोनल अधिकारी ब्रजेश पांडे, निरीक्षक शेखर पटेल एवं प्रभारी अरुणलता मलावी सहित सभी वार्ड एआरआई, सहायक एवं जलकर वसुलीकर्ता उपस्थित रहे।

**जलकर जमा करने पर किया नल कनेक्शन विच्छेद**

नगर निगम आयुक्त राहुल सिंह ने समय सीमा बैठक में जलकर एवं संपत्ति कर जमा न करने वाले लोगों पर कार्यवाही के निर्देश दिए थे। इस निर्देश के पालन में विभिन्न वार्डो में तीन नल कनेक्शन विच्छेद किए गए। गुरुवार को हुई इस कार्यवाही में जल प्रदाय प्रभारी विवेक चौहान, राजस्व निरीक्षक शेखर पटेल सहित अन्य कर्मचारी शामिल रहे।

## जंगल के रास्ते निकल रहे वाहनों को रोकने वन विभाग ने चौकीदार की मौजूदगी में खुदवाई नाली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

दौरियाखेड़ा क्षेत्र में रेत चोर रेत की चोरी बुलंद हौसलों के साथ करते चले आ रहे हैं। इसमें राजस्व एवं वन भूमि की नदियों से रेत की लगातार चोरी की जा रही है। वन विभाग ने अब तक कई ट्रैक्टरों पर कार्रवाई कर कुआंबादला वन चौकी में खड़े करवा रखे है जिससे यह सिद्ध होता है कि वन क्षेत्र की नदियों से रेत की चोरी निरंतर जारी है। लेकिन पिछले दिनों इन रेत चोरों ने प्रतापगढ़ बदला क्षेत्र से राजस्व, भूमि निजी खेतों एवं वन भूमि से निजी रास्ता बनाकर रेत चोरी करना शुरू किया जिससे टोल टैक्स भी बचाया जा रहा था। तब कहीं टोल कंपनी ने इसकी शिकायत रेंजर को की तो प्राप्त जानकारी के अनुसार उन्होंने वहां का निरीक्षण कर स्पष्ट कह दिया कि वन भूमि नहीं है।

इसी आशय का समाचार हरिभूमि ने सा चित्र प्रकाशित किया था तो आज वन विभाग ने इस क्षेत्र के चौकीदार कलीराम की मौजूदगी टोल कंपनी की जेसीबी मशीन से प्रतापगढ़ वादला से आ रहे वाहनों के लिए नाली खुदवा कर उस रास्ते को बंद किया।

इससे सिद्ध हो गया है कि जब वन विभाग का चौकीदार गया है तो निश्चित ही इस रास्ते में वन भूमि भी पड़ती होगी नहीं तो क्या कारण की चौकीदार को भेजकर नाली खोदने की नौबत आन पड़ी। ऐसा डूडी शिखर के ग्रामीणों का कहना है। जबकि अधिकारी अपनी वन भूमि मानने को तैयार नहीं। राजस्व भूमि में रास्ता होने का हवाला देकर राजस्व विभाग को सूचना देने बयान भी अपने चहेते पत्रकारों के माध्यम से समाचार प्रकाशित करवा कर अपने आप को सुरक्षित करने का प्रयास किया।

लेकिन जब वन विभाग का चौकीदार कलीराम रास्ते पर नाली खुदवाने पहुंचा है तो किसी ने किसी ने तो उसे निर्देशित किया होगा कि जाओ और नाली खुदवाओ। नहीं तो क्या कारण कि वह जेसीबी से वह नाली खुदवाने गया था। इस तरह वन अमले के आला अधिकारी अपनी बचाव की मुद्रा में आकर वन भूमि नहीं होने का दवा कर रहे। खैर यह वन भूमि है या नहीं लेकिन जंगल पास तो है तो वन विभाग पर उंगली उठाना तो लाजमी क्योंकि पूर्व में भी इनके द्वारा रेत चोरी करते ट्रैक्टर पकड़े जा चुके हैं। इस तरह आज इस रास्ते पर नाली खुदवा कर वन विभाग ने निकलने वाले वाहनों पर अंकुश लगा दिया।



## ग्राम पंचायत ढोलनखापा में सरपंच चुनाव की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

आज विकासखंड की ग्रामपंचायत ढोलनखापा रैयत के ग्रामीणों ने एसडीएम आर आर पांडे को ज्ञापन देकर चुनाव के माध्यम से नया सरंपच बनाए जाने की मांग की है। यहां उल्लेखनीय है कि इस ग्रामपंचायत का सरपंच गणेश खंडाते हत्या के में वर्ष 2022 से जेल में है। ग्रामीणों ने अपनी शिकायत में लिखा है कि पंचायत का सचिव शासन के साथ जरूरी पत्राचार नहीं कर रहा है जिसके कारण मामला आगे नहीं बढ रहा है। इसके अलावा सचिव पर योजनाबद्ध ढंग से सरपंच का रिक्त रखते हुए पंचायत का दायित्व निभाने का आरोप लगाया है। इस प्रकार ग्रामीणों ने सचिव की मंशा पर सवालिया निशान लगा दिया है।

ग्रामवासियों के अनुसार सरपंच नहीं होने के कारण पंचायत से संबंधित कार्यों में ग्रामीणों को परेशानी उठानी पड रही है। हत्या के आरोपी सरपंच को 6 माह उपरांत पद से हटाने की कारवाई किया जाना था लेकिन ऐसा नहीं होने पर ग्रामीणों ने आपत्ति उठायी है। मांग कराने वाले ग्रामीणों में मदन धुर्वे, देवीलाल धुर्वे, ललीता कवडेती, अजय सलामे, अनीता कुमरे, सनतराम कवडेती, रंचू सरेयाम, विसाराम कुमरे तथा अनेक शामिल थे।

### आदतन अपराधियों की जमानत कार्यवाही संबंधी बैठक संपन्न

**छिन्दवाड़ा।** राज्य शासन द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में कलेक्टर श्री मनोज पुष्प की अध्यक्षता में आज कलेक्टर कार्यालय के मिनी संवाद कक्ष में गंभीर अपराधों और आदतन अपराधियों की जमानत कार्यवाही के संबंध में समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री विनायक वर्मा, अतिरिक्त कलेक्टर श्री के.सी.बोपचे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अवधेश प्रताप सिंह, एसडीएम श्री सुधीर कुमार जैन आदि मौजूद रहे।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर कलेक्टर से की चर्चा

### भाजपा जिलाध्यक्ष विवेक बंटी साहू के साथ कलेक्टर मिलने पहुंचा प्रतिनिधि दल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



भारत सरकार द्वारा चलाई जा जाने वाली विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष विवेक बंटी साहू के साथ पूर्व विधायक नथनशाह कवरेती, लखन वर्मा, मोनिका बट्टी, ज्योति डेहरिया, भाजपा जिला महामंत्री टीकाराम चन्द्रवंशी, परमजीत सिंह विज, अन्त्योदय प्रकोष्ठ जिला सयोजक अरविंद राजपूत ने कलेक्टर से चर्चा की।

विकसित भारत संकल्प यात्रा छिंदवाड़ा जिले के साथ-साथ पूरे मध्यप्रदेश में दिनांक 16 दिसम्बर से प्रत्येक जनपद पंचायत स्तर पर प्रारंभ हो रही है। यह यात्रा प्रभावी कैसी हो जिसमें भारत सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाएं जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना, उज्जवला योजना, स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत शौचालय निर्माण, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, गरीबों को निशुल्क राशन वितरण सहित जो अन्य योजनाएं केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार की चल रही है उनमें यदि कोई पात्र हितग्राही छूट गए हो जिन्हें इन योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है इस यात्रा के माध्यम से उन छूटे हुए हितग्राहियों को तत्काल मौके पर ही इन योजनाओं में शामिल कर योजना का लाभ प्रदान किया जावेगा।

इस यात्रा में जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ खण्डस्तरीय अधिकारी कर्मचारी भी उपस्थित रहेंगे। समय-समय पर इस यात्रा की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी भी करते रहेंगे।

### बंद होती कोयला खदान से उजड़ेगा क्षेत्र, कर्मचारियों को होगी परेशानी

## कोयलांचल के कन्हान क्षेत्र में विकराल आर्थिक संकट की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव



आदिवासी विधानसभा में कोयला खदानों से ही आर्थिक गतिविधियां संचालित होती है। क्या कन्हान क्षेत्र की बंद होती कोयला खदानों को प्रदेश की भाजपा सरकार जीवन दान दें पाएंगे ?इसको लेकर क्षेत्र में चर्चा का दौर जारी है।

मध्य प्रदेश में भारी बहुमत से भाजपा सरकार बनी है। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव के पदभार ग्रहण करने के साथ यहां के मतदाताओं को कोयला खदान खुलने की उम्मीद जगी है।प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव से जनापेक्षा है कि उजड़ते हुए कोयला खदान कन्हान क्षेत्र को बचाने के लिए वन एवं पर्यावरण मंत्रालय से शीघ्र परमिशन दिलाने में तत्काल प्रयास करें।

ज्ञात रहे कि विधानसभा चुनाव परिणाम के बाद प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जिला छिंदवाड़ा के विकास का वचन दिया है ।जिसको लेकर लोगों में एक उम्मीद की कारण दिखाई दे रही है कि शीघ्र ही इस क्षेत्र की खदानें पुनःअपना कोयला उत्पादन प्रारंभ करेगी।हालांकि विधानसभा चुनाव के पूर्व कन्हान क्षेत्र की दो बड़ी कोयला खदान तानसी और मोआरी में फारेस्ट क्लीरियन्स के नाम पर उत्पादन ठप्प होने से हड़कम्प मंचा हुआ था। इन कोयला खदानों में तानसी भूमिगत कोयला खदान प्रोजेक्ट में राज्य सरकार की विशिष्ट अनुशंसा प्रस्तुत नहीं की गई। वहीं जल संसाधन विभाग के द्वारा भी अपना मत प्रस्तुत नहीं किया गया। जिसके कारण टानसी प्रोजेक्ट का कोयला उत्पादन बंद है।इसी तरह मोआरी कोयला ब्लॉक खदान में प्रस्तावित भूमि उपयोग खनन योजना के अनुरूप इसकी जानकारी राज्य सरकार द्वारा अभी तक नहीं दी गई ।जिसके चलते मोआरी खदान भी बंद पड़ी है। विधानसभा क्षेत्र जुन्नारदेव की चालू कोयला खदान मोआरी और तानसी का फॉरेस्ट क्लीयरेंस दिलवाने में मध्य प्रदेश सरकार को विशेष रुचि लेना होगा। तभी यह कोयला खदानें यथावत चालू रह पाएगी। कोयला खदानें बंद होने से श्रेत्र के श्रमिक कामगार, व्यापारी तथा आम नागरिक अपने भविष्य को लेकर चिन्तित हैं। विधानसभा चुनाव से पहले सभी वर्ग से विरोध के स्वर एक साथ उठे। तथा क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराने कोयला खदानें बचाने के लिये लोगों ने सड़कों पर आकर आंदोलन किया था।नतीजन रामपुर, दमुआ और जुन्नारदेव के बंद के आव्हान को व्यापक सफलता मिली थी।आंदोलन के प्रारम्भिक दौर में तो सत्ताधारी नेताओं ने भी कन्नी काटा परन्तु बाद में उन्होंने अपना समर्थन दिया। इधर कोयला श्रमिक संगठनों ,व्यापारी मंडल कन्हान बचाओ मंच तथा सयुक्त मोर्चा को भरपूर जनसमर्थन मिला।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**सिंगोड़ी:** सिंगोड़ी पुलिस चौकी अंतर्गत तेंदानी मॉल के पास बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।नरसिंहपुर रोड में लगातार हादसो का ग्राफ बढ़ता चला जा रहा है वही आज एक बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सिंगोड़ी पुलिस चौकी प्रभारी धर्मेंद्र कुशराम ने बताया कि युवक राजकुमार नागवंशी उम्र 45 वर्ष निवासी दूल्हा देव बरात्मरी जो छिन्दवाड़ा जा रहा था इसी दौरान किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी।इस मामले में पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी वाहन को ढूंढने का प्रयास कर रही है।दुर्घटनाओं का बढ़ रहा है ग्राफनरसिंहपुर मार्ग में लगातार दुर्घटनाओं का ग्राफ बढ़ता चला जा रहा है वहीं लोगों का मानना है कि छिंदवाड़ा नरसिंहपुर मार्ग में सांकेतिक बोर्ड सांकेतिक ब्रेकर के नहीं लगे होने से लगातार दुर्घटनाएं घट रही है। इसके पहले भी कई सड़क दुर्घटनाएं घट चुकी है जहां पर है देखा गया है कि हाईवे में सेफ्टी के लिए सांकेतिक बोर्ड सहित उन उपाये का नहीं होना पाया गया था, वही लोगो का कहना है नेशनल हाईवे में छिंदवाड़ा रिंग रोड से हर्रई तक चेन्नई एक्सीडेंटल स्पॉटों चौक चौराहा में सांकेतिक बोर्ड ब्रेकर लगाया जाए।

### 6920 प्रति क्विंटल मिल रहा है कपास का भाव

# सीसीआई ने पहले ही दिन खरीदा 350 क्विंटल कपास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौसर

लंबे समय से सौसर क्षेत्र की कपास जिनिंग फैक्ट्री में किसानों के द्वारा सीसीआई की खरीदी करने की मांग की जा रही थी।जो कि आप पूरी हो गई है। शुक्रवार को प्रशासनिक अधिकारियों की प्रमुख उपस्थिति में सीसीआई के द्वारा कृषि उपज मंडी से 6920 प्रति क्विंटल के भाव से कपास खरीदी शुरू की है।

इसके अलावा सौसर क्षेत्र की छिंदवाड़ा मार्ग की सौसर कॉटन इंडस्ट्रीज एवं गायत्री जिनिंग में सीसीआई के अधिकारियों के द्वारा कपास की खरेदी शुरू हुई है।कृषि मंडी सौंसर के सचिव से मिली अनुसार किसानों से कपास समर्थन मूल्य 6920 पर में खरीदी



शुरू की गई है।खरीदी के पूर्व आधार पंजीयन अनिवार्य है। आधार के साथ लिंक व ओटीपी के लिए मोबाइल, ओटीपी के पश्चात किसानों का पंजीयन कपास बेचने के लिए किया जाएगा।

समर्थन मूल्य पर खरीदी गई कपास को भुगतान आधार कार्ड से ऑनलाइन लिंक बैंक खाते में होगा।12 फीसद से अधिक नमी की कपास की खरीदी नहीं की जाएगी। 8 फीसद की नमी की कपास पर कोई कटौती नहीं होंगी।8 फीसद से अधिक नमी वाले कपास पर अनुपातिक कटौती की जाएगी। निगम कपास की खरीदी सीधे किसानों से करेगा।

प्रथम दिन सीसीआई के द्वारा लगभग 350 क्विंटल खरीदी की गई है।इस दौरान तहसीलदार अशोक अडमे, सीसीआई अधिकारी अरुण भडाईत,अनिल मर्सकोले,मंडी अधिकारी तारासिंह मरकाम,राजेद्र कुम्बरे,डी.पी गायकवाड़, जिनिंग संचालक मनोज जुनेजा दिलीप बत्रा आदि थे।

### ज्ञापन के बाद जागा सीसीआई प्रशासन

किसानों एवं सौसर क्षेत्र की जिनिंगों में सीसीआई के द्वारा कपास की खरीदी करने की मांग को लेकर 12 दिसम्बर को जिला भाजपा उपाध्यक्ष राहुल मोहड़ एवं किसानों के द्वारा सौसर एसडीम कलेक्टर एवं मध्य प्रदेश के उच्च अधिकारियों के नाम एक ज्ञापन सोपा गया था। ज्ञापन के बाद अचानक बुधवार की रात्रि सीसीआई के द्वारा सौसर की जिनिंगों में कपास की खरीदी समर्थन मूल्य पर खरीदी करने का आदेश प्राप्त हुआ है।जिसके बाद में कृषि उपज मंडी और सौसर छिंदवाड़ा मार्ग की दो जिनिग से कपास की खरीदी शुरू की गई है। सीसीआई के द्वारा सौसर की जिनिंगों में कपास की खरीदी शुरू करने के बाद अब किसानों के चेहरे पर थोड़ी चमक नजर आने लगी है।

### जर्जर सड़क पर चलने को विवश विधानसभा वासी



**जुन्नारदेव।** नगरीय क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 08 से जनपद पंचायत तक लगभग 500 मीटर की सड़क बुरी तरह जर्जर अवस्था में पहुंच गई है इस मार्ग से होकर बड़ी संख्या में नगर वासियों के साथ-साथ ग्रामीण अंचल के लोग और महाविद्यालय के विद्यार्थी आवागमन करते हैं, किंतु इस और ना तो शासन प्रशासन कोई ध्यान दे रहा है और ना ही जनप्रतिनिधियों का ध्यान इस और आकर्षित है, ऐसे में कई वर्षों से बुरी तरह खराब हो चुकी इस सड़क पर लोग चलने को भी विवश है। नगर वासियों ने शासन प्रशासन सहित जनप्रतिनिधियों से इस 500 मीटर सड़क के पुनर्निर्माण की मांग की है जिससे आवागमन बेहतर हो सके।

## 16 से गीता ज्ञान प्रवचन ज्ञान यज्ञ का होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

ईश्वरीय निमंत्रण श्रीमद् भागवत गीता आध्यात्मिक ज्ञान यज्ञ आगामी 16 दिसंबर दिन शनिवार से 22 दिसंबर दिन शुक्रवार को आयोजित होगा। इस ज्ञान यज्ञ में अमृतमयी वाणी बाल ब्रह्माचारिणी आदरणीय वर्षा दीदी के माध्यम से कही जाएगी। वर्षा दीदी जी विगत कई वर्षों से राष्ट्रीय स्तर पर ईश्वरीय सत्य ज्ञान के प्रचार प्रसार में अग्रणी है। सर्व शास्त्रमयी शिरोमणी श्रीमद् भागवत गीता में सर्व शास्त्रों का सार समाहित है।

यह एक ऐसी शक्तिवर्षवक औषि जिससे समस्त मानसिक रोगो (चिता, तनाव, डिप्रेशन) का सहज समाधान समाया हुआ है। मनुष्य चाहे कितना ही निराशा में हुआ हो परन्तु गीता माता की शरण में आने मात्र से उसकी जिंदगी खुशियों से भर जाती है।

यह ज्ञान स्वयं भू परमपिता परमात्मा शिव वाणी से निहित है जिसमें स्वयं आत्मा का परिचय परमात्मा का परिचय आत्मा के रहने का लोक परमात्मा के रहने का लोक



जन्म मरण का चक्र आदि सनातन देवी देवता धर्म क ज्ञान निकट भविष्य में सृष्टि परिवर्तन के पश्चात धरा पर स्वर्णिम देवी देवताओं का राज्य स्थापना सतयुग का आदि कलयुग के अंत ज्ञान निहित है। यह कार्य स्वयं भू परमात्मा शिव देवीय सृष्टि की स्थापना निहित चला रहे है। आप सभी इस ज्ञान को जीवन में धारण कर अपना जन्म भी देवी सृष्टि में भी पा सकते है आधुनिक महाभारत काल में कोख कौन और पाण्डव कौन महाभारत में वर्णित युद्ध हिसक था या अहिंसक।

गीता ज्ञान दाता कौन एवं विराट रूप का साक्षात्कार।महाविनाश के पहले कैसे बनायें स्वयं को शक्तिशाली स्वर्णिम युग का आहवान कैसे करें,समय की पुकार- आत्म शुद्धिकरण है अनिवार्य।

ज्ञानयज्ञ द्वारा करें स्व एवं संसार का शुद्धिकरण की जानकारी दी जाएगीसप्तदिवसीय ज्ञान यज्ञ के पशचात इस ईश्वरीय ज्ञान के साप्ताहिक कोर्स एवं राजयोग ध्यान करने के लिये आप स्थानीय सेवा केन्द्र पर सादर आमंत्रित है। प्रवेश निःशुल्क है।

कार्यक्रम में कलश एवं शोभा यात्रा 16/12/2023, सुबह 12 बजे से (माता मंदिर से ग्राम पंचायत हनुमान मंदिर तक फिर वापस होगी।गीता ज्ञान प्रवचन प्रतिदिन - दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक,म्युजिकल एक्सरसाईज प्रतिदिन- सुबह 7:30 से 8:30 तक,खुशनुमा एवं नशा व तनाव मुक्त जीवन शैली शिविर प्रतिदिन - सुबह 8:30 से 9:30 तक, शाम 6 से 7 तक स्थान माता मंदिर के पीछे बस स्टैण्ड तामिया में आयोजक प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, तामिया छिन्दवाड़ा द्वारा कराई जा रही है।

## पूर्व मंत्री नाना मोहोड़ ने की मुख्यमंत्री यादव से मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौसर

नए मुख्यमंत्री बनने पर मोहन यादव का पूर्व राज्य मंत्री नाना मोहोड़ एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने भोपाल में पहुंचकर स्वागत सत्कार किया है। मध्य प्रदेश के नए मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव से भेंट के दौरान पूर्व मंत्री श्री मोहड़ के द्वारा सौसर की जनता की ओर से स्वागत सत्कार करते हुए सौसर क्षेत्र के विकास और रुके हुए कामों को लेकर चर्चा भी की गई है। इस दौरान भाजपा नेता राजेंद्र भक्ति एवं जिला कोऑपरेटिव बैंक पूर्व संचालक रामकृष्ण वाकोडे आदि भाजपा नेता प्रमुखता से उपस्थित थे।

## सेमिनार में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

### आईटी स्कूल में हुआ सेमिनार का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिछुआ

आई टी स्कूल के बच्चों मिला अपने क्षेत्र से चयनित डी एस पी से परिचय का मौका आज आई टी स्कूल बिछुआ में सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें एम पी पी एस सी में( मध्यप्रदेश में) डी एस पी पद के लिए प्रथम रैंक प्राप्त करने वाले (वर्तमान इंदौर में पदस्थ ) अक्षय डिगरसे सर द्वारा बिछुआ नगर के एक मात्र सी बी एस सी स्कूल में बच्चों को मार्गदर्शन प्रदान किया गया । नव नियुक्त हुए डी एस पी अक्षय डिगरसे जी का बिछुआ आगमन हुआ जिससे उन्होंने बिछुआ नगर के आई टी स्कूल में बच्चों को मार्गदर्शन दिया उन्होंने कहा सफलता प्राप्त करने के लिये अपना काम ईमानदारी से समय पर पूर्ण करना जरूरी है ।इसके साथ साथ उन्होंने जीवन मे खेलो की महत्वता पर प्रकाश डाला । तथा बच्चों को उनकी प्रतिभाओ पर काम करने के लिये उन्हें प्रेरित किया एवं उज्जवल भविष्य की कामना की ।विद्यालय परिवार की ओर से उन्हें अमूल्य समय देने के लिये आभार प्रकट किया गया ।

## खमरिया क्षेत्र में मौसम साफ होते ही गहानी कार्य में जुटे किसान



हरिभूमि न्यूज खमरिया।

लालबर्रा विकासखण्ड के अंतर्गत ग्राम पंचायत खमरिया सहित ग्रामीण अंचलों में मौसम साफ होने के बाद किसान गाहनी कार्य में जुट गये है और युद्ध स्तर पर किसान अपनी फसल को सुरक्षित कर उसे चुरने में लगे हुये हैं। आपको बता दे कि खमरिया सहित ग्रामीण अंचलों में गत दिवस झमाझम बारिश हुई थी जिससे किसानों की धान कटाई एवं गाहनी कार्य प्रभावित हुआ था और धान की फसल गीली होने से किसान खासा परेशान नजर आ रहा था क्योंकि खेतों एवं खलीयानों में पानी जमा हो गया था। जिससे नमी आने से पे अपनी फसल को सुरक्षित नहीं कर पा रहे थे परन्तु अब मौसम साफ होने लगा है तो किसान अपने कृषि कार्य में जुट गये है और अपनी सुविधानुसार धान चुरने का कार्य कर रहे हैं परन्तु खेतों में नमी होने के कारण दलहन फसलों की बुआई नहीं कर पा रहे है एवं जिन किसानों ने पूर्व में बुआई कर चुके है परन्तु पानी जमा होने के कारण वह खराब हो चुकी है जिससे किसानों को काफी नुकसान हुआ है और किसान तेज धूप होने पर पुनः बीज बोने की तैयारी कर रहे हैं।

### बहेला थानांतर्गत ग्राम सांवरीखुर्द हत्याकांड में आरोपी साला गिरफ्तार, जीजा फरार

## बहन को भगा ले जाने पर जीजा-साले ने किया था प्राणघातक हमला

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** लांजी अनुभाग के बहेला थाना अंतर्गत ग्राम सावरी खुर्द में 11 दिसंबर की रात्रि में लगभग 8 बजे अज्ञात आरोपियों द्वारा राजकुमार पांचे के घर पंहुचकर घर मौजूद दो युवती एवं एक वृद्ध महिला पर प्राण घातक हमला कर जान से मारने की कोशिश की गई थी जिसमें वृद्ध महिला की जिला हास्पिटल गोंदिया ले जाते हुये मृत्यु हो गईथी एवं दोनो युवतियों का गोंदिया के एक निजी चिकित्सालय में उपचार चल रहा है। वहीं इस मामले में बहेला पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए जानलेवा हमला करने वाले आरोपियों में से एक आरोपी ग्राम लोहारा निवासी मुकेश पिता खेमचंद देवाहे 22 वर्ष को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है वहीं दूसरा आरोपी देवीलाल पांचे 38 वर्ष अब भी पुलिस गिर$फ्त से दूर है। वहीं आज 14 दिसंबर को बहेला पुलिस द्वारा आरोपी मुकेश पिता खेमचंद देवाहे को सिविल न्यायालय लांजी में पेश किया गया जहां से आरोपी युवक को दो दिन की पुलिस रिमांड में भेज दिया गया है।

**यह था हमला करने का मामला:** इस संबंध में जानकारी अनुसार सावरीखुर्द ग्राम निवासी राजकुमार पांचे के यहां अज्ञात हमलावरो ने राजकुमार पांचे एवं रवि पांचे के घर के सदस्यो पर प्राणघातक





हमला किया है जिसमें रवि पांचे की दादी कमला पति जीतलाल पांचे उम्र 80 वर्ष की मृत्यु हो चुकी है तो दोनो लड़किया रिना एवं दिव्या पांचे गंभीर बताई जा रही है। इस पूरे घटनाक्रम में यह बात सामने आई है की मृतिका कमलाबाई पांचे का नाती दीपक पांचे द्वारा आरोपी युवक मुकेश पिता खेमचंद देवाहे की बहन को प्रेमप्रसंग के चलते भगा लिया गया था जिसके बाद से ही आरोपीगण उक्त परिवार से द्वेष रखते थे। जिन्होने 11 दिसंबर की रात जीजा-साले ने मिलकर घटना को अंजाम दिया था। जिसमें वृद्धा कमला पति जीतलाल पांचे उम्र 80 वर्ष की मृत्यु हो गई एवं दोनो लड़कियां अभी उपचारार्थ गोंदिया के निजी चिकित्सालय में भर्ती हैं।

**बहेला पुलिस ने दिखाई तत्परता:** इस पूरे मामले मे एसडीओपी सतेंद्र घनघोरिया के मार्गदर्शन में बहेला थाना से एस.आई जे.पी. त्रिपाठी एवं पुलिस टीम द्वारा अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध हत्या की धाराओं एवं प्राणघातक हमले की धाराओ 302, 307 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया और आरोपियों को पकडऩे में सफलता हासिल की तथा दूसरे फरार आरोपी को भी शीघ्र पकड़ लिये जाने की बात पुलिस द्वारा कही गई। 14 दिसंबर को बहेला पुलिस ने एस.आई. जे.पी. त्रिपाठी, आरक्षक जयप्रकाश चौधरी, आरक्षक सुजीत पाल द्वारा आरोपी को न्यायालय में पेश किया एवं दो दिनों की रिमांड ली गई है।

## दिव्यांग विद्यार्थियों ने दिखाई अपने भीतर छिपी प्रतिभा

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** नई शिक्षा नीति के तहत दिव्यांग बच्चों को समाज में मान्यता दिलाने और समाज में उनके प्रति जो दायित्वहीनता की धारणा बनी हुई है उसे बदलने और उन्हें समाज में मान-सम्मान दिलाने के मकसद से राज्य शिक्षा केंद्र और जिला शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार जनपद शिक्षा केंद्र कटंगी की शालाओं में अध्ययनरत दिव्यांग बच्चों के लिए खेलकूद गतिविधि और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन मुख्यालय में बीआरसी कार्यालय में किया गया. जिसमें बच्चों के लिए दिव्यांगतावार, बालक-बालिकावार, 50-100 मीटर दौड़, कुर्सी रेस, चित्रकला, रंगोली, नींबू-चम्मच रेस आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. इन प्रतियोगिताओं में दिव्यांग विद्यार्थियों ने हिस्सा लेकर अपने भीतर छिपी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया.



प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को खंड शिक्षा अधिकारी के हस्ते बैग, टिफिन, पानी की बॉटल, कॉपी और पेंसिल देकर पुरस्कृत किया. प्रतियोगिता के शुभारंभ में सर्वप्रथम खंड शिक्षा अधिकारी रविन्द्र हरिनखेड़े ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर पूजा अर्चना की।

## 56574 क्विंटल से अधिक धान किया उपार्जन

**बालाघाट।** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन में लगातार समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की समीक्षा के बाद अब समर्थन मूल्य में गति आयी है। अगले सात दिनों तक के लिये खरीदी केंद्रो पर बड़ी संख्या में किसानों द्वारा स्लॉट बूक किये जाने लगे है। खरीदी केंद्रवार बात करे तो आदिम जाति सेवा सहकारी संस्था परसवाड़ा, सेवा सहकारी समिति खारा, बिरसा, सालेटेकरी, परसवाड़ा, कुमादेही जैसे कई केंद्रो पर तीन-तीन सौ से अधिक किसानों ने स्लॉट बूक कराये है। इसके अलावा कलेक्टर डॉ. मिश्रा द्वारा राजस्व अधिकारियों को निरंतर उपार्जन केंद्रो का निरीक्षण करने के निर्देश दिये गए है। एसडीएम बैहर श्री विवेक केवी द्वारा आमगांव के उपार्जन केंद्र का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाएं देखी। उन्होंने बारदानों के सत्यापन सहित स्टॉक तथा तौल काटो का निरीक्षण किया। इसके अलावा कटंगी नोडल अधिकारी द्वारा सिरपुर, धनकोषा और नंदलेसरा धार खरीदी केंद्रो का निरीक्षण किया।

## विद्यार्थियों को एमपीटॉस पोर्टल के माध्यम से होगी सुविधा

**बालाघाट।** जनजातीय कार्य विभाग द्वारा जिले में संचालित छात्रावास/आश्रम शालाओ में निवासरत विद्यार्थियों को एमपीटॉस पोर्टल के माध्यम से शिष्यवृत्ति की 10 प्रतिशत राशि सीधे उनके नाम से संचालित बैंक खातो में दिये जाने के प्रावधान है। जिसके तहत संस्था में निवासरत विद्यार्थी स्वयं के उपयोग हेतु साबुन, ब्रश, तेल एवं अन्य आवश्यक वस्तु क्रय कर सके। जिले में जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित 07 जुनियर छात्रावास, 55 सीनियर छात्रावास, 08 उत्कृष्ट सीनियर छात्रावास एवं 09 महाविद्यालयीन छात्रावासो में निवासरत कुल 4153 विद्यार्थियों को शिष्यवृत्ति की 10 प्रतिशत राशि की प्रथम तिमाही किश्त का भुगतान किये जाने के उद्देश्य से कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में छात्रावासो में निवासरत समस्त विद्यार्थियों के बैंक खाते को आधार से लिंक कराये जाने की अभिनव पहल की गई। जिससे कि समस्त विद्यार्थियों को शिष्यवृत्ति की 10 प्रतिशत राशि का भुगतान उनके बैंक खातो में किया जा सके ।शिष्यवृत्ति की 10 प्रतिशत राशि का भुगतान माह जुलाई, अगस्त एवं सितम्बर तक किये जाने हेतु संस्था के अधीक्षक, अधीक्षिकाओ एवं विभागीय मंडल संयोजको को निर्देशित किया गया कि वे संस्था में निवासरत विद्यार्थियों के बैंक खाते को आधार से लिंक कराये। जिसके परिप्रेक्ष्य में 2205 विद्यार्थियों को शिष्यवृत्ति का भुगतान किया जा चुका है एवं शेष विद्यार्थियों को भुगतान करने की कार्यवाही गतिशील है। छात्रावासो में निवासरत विद्यार्थियों को शिष्यवृत्ति की 10 प्रतिशत की राशि बैंक खाते में प्राप्त होने से विद्यार्थियों में खुशी की लहर व्याप्त है। सहायक आयुक्त द्वारा बताया गया कि शिष्यवृत्ति की 10 प्रतिशत की राशि की द्वितीय तिमाही किश्त (माह अक्टूबर, नवम्बर एवं दिसम्बर) के वितरण की कार्यवाही माह जनवरी 2024 में की जायेगी एवं ऐसे विद्यार्थियों जिनके बैंक खाते आधार से लिंक नही है, उन विद्यार्थियो के लिए बैंक से संपर्क स्थापित कर उनके बैंक खाते को आधार से लिंक कराया जा रहा है ।

## राजपुर में किया गया मंडई मेले का आयोजन



हरिभूमि न्यूज उकवा।

जनपद पंचायत परसवाड़ा के अंतर्गत ग्राम पंचायत लगमा के ग्राम राजपुर में 14 दिसंबर गुरुवार को मंडई मेले का आयोजन किया गया जिसमे आस पास के करीब दस गांव से सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुष बच्चे बुजुर्ग सभी ने मंडई मेले का भरपूर आनंद उठाया महिलाये एवं बच्चों ने खरीददारी के साथ साथ ग्रामीण झूला का भी भरपूर आनंद उठाया । मंडई मेले में गोवारी समाज का एक बड़ा महत्व है जिनके द्वारा पारम्परिक गोवारी नृत्य लाठी मुकाबला आदि प्रस्तुत किया जाता है जिनके लिए मंडई समिति के द्वारा ईनाम भी रखा जाता है । राजपुर मंडई समिति के द्वारा भी गोवारी नृत्य में प्रथम ईनाम 701 रु द्वितीय ईनाम 501 रु तृतीय इनाम 301एवं सभी को प्रोत्साहन राशि दी गई । ग्राम पंचायत लगमा सरपंच श्रीमती अंजलि मरकाम जनपद सदस्य धारासिंह मर्सकोले मंडई समिति अध्यक्ष देवसिंह उईके उपसरपंच राजकुमार नागेश्वर सहायक सचिव भागुलाल पटले पीतम आलोद ग्राम मुकद्दम राजकुमार कटरे दिनेश चौहान ग्राम पटेल युवराज रावनेर एवं समस्त समिति सदस्य ग्रामीणजनों एवं पंचायत सदस्य आदि का भरपूर योगदान रहा।

### किसानों की जिद के आगे झुका प्रशासन

## बनेरा और उपकेन्द्र कटेरा में शुरू हुआ धान उपार्जन केंद्र

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



1 दिसंबर से प्रशासन ने कागजी तौर पर समर्थन मूल्य प्रदान खरीदी शुरू कर दी थी. लेकिन यहां कटंगी तिरोड़ी तहसील क्षेत्र के अंतर्गत कई खरीदी केंद्रों में मौसम की बेरुखी के चलते धान खरीदी शुरू नहीं हो पाई थी. इस बीच कई उपार्जन केन्द्रों को सुविधाओं की कमी बताकर प्रशासन के द्वारा बंद करने का फैसला लिया था. जिस पर किसानों ने आपत्ति उठाई थी. क्षेत्र के धान उपार्जन केन्द्र बनेरा और उपकेंद्र कटेरा को भी बंद कर दिया गया था यहां के किसानों को चिकमारा केप में धान बेचने के लिए कहा गया था. जिस पर किसानों ने आपत्ति उठाते हुए 07 दिसंबर को कटंगी में एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर खरीदी केंद्र को यथावत रखने की मांग की थी. आखिरकार किसानों की जिद के आगे प्रशासन झुक गया और गुरुवार को नायब तहसीलदार महेश कुमार सोलंकी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी ऊषा राठौर, प्रबंधक एम.डी. मानेश्वर, प्रभारी बसंत ठाकरे, प्रभारी भुवन पटेल, रविन्द्र भगत, लालू पालीवाल, दुर्गेश पटले, लीलाधर धानेश्वर की उपस्थिति में पूजा अर्चना कर उपार्जन केंद्र में धान खरीदी की शुरुआत की गई।

बता दें कि उपार्जन केंद्र बनेरा, उपकेंद्र कटेरा के स्थान में परिवर्तन कर दिया गया था जिससे करीब 15 गांवों के किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ सकता था और इस बात को लेकर किसानों में बेहद आक्रोश था. बीते दिनों 07 दिसंबर गुरुवार को बनेरा में किसानों ने समिति कार्यालय के बाहर एकत्रित होकर उपार्जन केन्द्र के स्थान परिवर्तन को लेकर जमकर विरोध किया था और फिर तमाम गांवों के किसान एकत्रित होकर कटंगी मुख्यालय पहुंचे थे. जहां उन्होंने एसडीएम मधुवंतराव धुर्वे को ज्ञापन सौंपते हुए खरीदी केंद्रों को यथावत रखने की मांग की है. तब एसडीएम ने किसानों को स्थिति का जायजा लेकर विचार करने की बात कहीं थी आखिरकार प्रशासन ने यथास्थान पर ही केंद्र बनाए जाने का निर्णय लिया. बता दें की उपार्जन केंद्र बनेरा और उपकेंद्र कटेरा में पंजीकृत किसानों को फसल बेचने के लिए करीब 8 किलोमीटर दूर चिकमारा केप जाना पड़ता लेकिन अब वह बनेरा और कटेरा में ही अपनी फसल बेच सकते है।

## खबर संक्षेप

### मध्यस्थता अपननाएं, समय बचाएं

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मीडिएशन कमेटी के निर्देशानुसार व प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सिवनी श्री राजेश कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी के तत्वाधान में प्रशिक्षित मीडिएटर के द्वारा प्रकरणों में मध्यस्थता के माध्यम से मामलों को सुलझाया जाता है। इसके द्वारा मध्यस्थ अधिकारी दबाव रहित वातावरण में विभिन्न पक्षों के विवादों का निपटारा करते हैं मध्यस्थता प्रक्रिया के माध्यम से विवादों का अविलंब एवं शीघ्र समाधान होता है। मध्यस्थता प्रकरणों के समाधान में पक्षों की आपसी सहमति को महत्व दिया जाता है। मध्यस्थता के माध्यम से पक्षकारों को समय तथा खर्चों पर किफायत रहती है। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी ने जनता से मध्यस्थता प्रक्रिया का लाभ लेने की अपील की है।

# बलात्कारी विक्रम सतनामी को 20 वर्ष की सजा




दिनांक 14.8.2021 को नाबालिग पीड़िता उम्र 16 वर्ष की गुमशुदगी की रिपोर्ट उसके पिता ने थाना लखनवाड़ा में दर्ज करवाई थी, दिनांक 17.08.21 को पीड़िता को ग्राम खमरिया थाना चौरई से दस्तयाब किया गया। पिड़िता ने पूछताछ में बताया कि दिनांक 13.8.21 को जब वह स्कूल गयी थी, तो उसके पहचान का आरोपी विक्रम पिता सुरेश सतनामी उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम चावड़ी मिला और उसे मोटर सायकल में बैठा कर उसकी बहन शबनम सतनामी उर्फ चंचल सतनामी पति सीताराम चौधरी, निवासी केदारपूर खूर्द थाना चौरई के घर लेकर गया एवं वहां उसके साथ जबरदस्ती बार-बार शारीरिक संबंध बनाया और उसे ले जाकर उसके मामा मुकेश पंचेश्वर के घर के सामने छोड़कर चला गया।

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिवनी।**

पिड़िता के बयान के आधार पर आरोपी विक्रम एवं उसकी बहन शबनम- के विरुद्ध अपराध क्रमांक 272/2021 धारा 363 366ए, 376, 376 (2) (एन), 120 बी भा.द. वि एवं धारा 51. 6, 17 पाक्सो एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना उपरांत अभियोग पत्र माननीय विशेष न्यायालय पाक्सो में प्रस्तुत किया गया था। शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक श्रीमती दीपा ठाकुर जिला अभियोजन अधिकारी सिवनी, के द्वारा गवाह एवं सबूत माननीय कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किये, तथा अंतिम तर्क के समय विशेष लोक अभियोजक ने कोर्ट में बताया कि पीड़िता एक 16 वर्ष की नाबालिग बच्ची है जिसकी सोचने समझने की छमता विकसित नहीं हुई है। आरोपी के कृत्य से उसके कोमल मन मस्तिष्क में बुरा प्रभाव पड़ा है, अभियोजन के तर्क से सहमत होते हुए माननीय (पाक्सो) विशेष न्यायाधीश ने आरोपी विक्रम सतनामी को धारा 366(a) भादवि. में 5 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1000 रुपये अर्थदंड, धारा 5(1)/6 पाक्सो एक्ट में 20 वर्ष का साश्रम कारावास एवं 2000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया तथा आरोपी शबनम को संदेह का लाभ देते हुए बरी किया गया है। प्रतिकर अधिनियम 2015 के अन्तर्गत प्रतिकर की राशि पीड़िता को एक लाख रुपए दिलाये जाने के आदेश पारित किये गये।

# आदिम जाति सेवा सहकारी समिति झिंझरई का बिजली बिल 4543 बाकी बिजली विभाग ने थमाया नोटिस


AADIM JATI SEVA SAHAKARI SAMITI
JHINJHRAI JHURAKI
दिनांक 09.12.2023
म.प्र.पूर्व क्षे.वि.वि.कं.
पावती

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** घंसौर विकासखंड के ग्राम झिंझरई में सोसायटी के द्वारा 22 ग्रामों के सेंटर ग्राम झिंझरई में मध्यप्रदेश के सहकारिता मुख्य सचिव सुभाष जैन के आदेश निर्देश पर आदिमजाति सेवा सहकारी समिति झिंझरई में 2 मई 2011 को वित्तनिगम माध्यप्रदेश शासन भोपाल के अध्यक्ष राजमंत्री दर्जा प्राप्त डाक्टर शिवराज शाह ने उक्त आदिमजाति सहकारिता समिति का फीता कटकर शुभारंभ किया था, जिससे किसानों को प्रतिवर्ष पुराने प्राथमिक शाला, महावीर ग्राउंड, गौठन,और सरकारी गोदाम खसरा नंबर 156 से किसानों को खाद, बीज, उर्वरक मिलता है। वही अपनी धान गेहूं यहा बेचते है, परंतु संचालक की उदासीनता से बिजली बिल नही पटा है जिसका नोटिस केतारपुर के जे ई बिजली विभाग वसूली का जारी किया है। विधुत अधियम 2003 की धारा 56 विद्युत साहिता की धारा 10(18) के निहित प्रावधान के तहत बिजली बिल बाकी 4543/_ चार हजार तेरालिस रुपए की वसूली सेल्समैन की की जाएगी। इस बाकी राशि से सेंटर की बदनामी हो रही हे जबकि किराया,कमीशन बहुत मिलता है किसानों में भरी नाराजगी और उक्त सेल्समैन को तत्काल इस सेंटर से हटाया जावे की मांग की है।

# पीएम किसान सम्मान निधि के लिए कैम्पों का आयोजन 16 से 22 दिसम्बर

**प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत लंबित ई-केवाईसी, हितग्राही की लैण्ड लिंकिंग, आधार और बैंक खाता डीबीटी हेतु इंटेबल की कार्यवाही पीएम किसान सेचुरेशन ड्राइव अभियान के रूप में 15 जनवरी 2024 तक पूर्ण किया जाना है।**

## छूटे हुये पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने के लिए किया जायेगा डोर-टू-डोर सर्वे

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिवनी।**

अभियान अंतर्गत 15 दिसम्बर को ग्रामपंचायतों में पीएम किसान योजना के एक्टीव एवं ई-केवाईसी के लिए लंबित हितग्राहियों की सूची चस्पा की जायेगी तथा 16 दिसम्बर से 22 दिसम्बर तक कैम्प का आयोजन किया जायेगा। 23 से 25 दिसम्बर को सूची का वाचन, छूटे हुये पात्र हितग्राहियों की सूची तथा अपात्र हितग्राहियों की सूची चस्प की जायेगी। 06 से 15 जनवरी को भू-स्वामियों के आधार ऐट्री के लिए डोर-टू डोर सर्वे किया जायेगा। जिले में अभियान के बहतर क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर श्री क्षितिज सिंघल द्वारा ग्रामवार संबंधित हल्का पटवारियों को नोडल नियुक्त किया गया है, तथा मानिटरिंग के लिए सेक्टर अधिकारी की नियुक्ति भी की गई है। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि अभियान के निर्धारित सयम सीमा में सभी कार्यवाही पूर्ण की जाये, तथा नियत तिथियों को विशेष ग्रामसभाओं का आयोजन कर पात्र अपात्र हितग्राहियों की सूची का वाचन करने की कार्यवाही की जाये।



# विकसित भारत संकल्प यात्रा की तैयारियों की मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने की समीक्षा

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिवनी।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज मंत्रालय में विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध में समस्त कमिश्नर्स एवं कलेक्टर्स के साथ वीसी के माध्यम से समीक्षा बैठक की एवं यात्रा के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उक्त वीडियो कॉन्फ्रेसिंग में कलेक्टर श्री क्षितिज सिंघल, सीईओ जिला पंचायत श्री नवजीवन पंवार सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# सिवनी के विक्की का म.प्र. सिविल सर्विसेस क्रिकेट टीम में पुनःचयन



**सिवनी।** जिले के छोटे से कस्बे उगली, उप तहसील के निवासी नीलेश राहंगडाले (विक्की) स्व.एफ.एल.राहंगडाले शिक्षक के पुत्र वर्तमान में प्रयोग शाला सहायक शिक्षक, स्कूल शिक्षा विभाग में विकास खंड केवलारी के अंतर्गत शा उ मा वि खैररांजी में पदस्थ हैं। क्रिकेट के प्रति बचपन से लगाव रहने के कारण विक्की का चयन इसके पूर्व आई पी सी एल सीजन 5में वर्ष 2014में हुआ था। इसके बाद ये स्टेट लेवल पर क्रिकेट खेल चुके हैं। वर्ष 2022 में प्रथम बार सिविल सेवा क्रिकेट में चयन हुआ इसके बाद इस सत्र में भी पुनःचयन हुआ है। विगत दिवस अपनी टीम के साथ दिल्ली के लिये रवाना हुए हैं, इनकी टीम राजधानी में आयोजित होने वाली आल इंडिया सिविल सर्विसेज क्रिकेट टूर्नामेंट में खेलेगी, टीम की कमान विकेटकीपर बल्लेबाज जावेद अख्तर को सौंपी गई है। जबकि एमके धौलपुरी, मैनेजर नियुक्त किये गये हैं।टीम गत दिवस बुधवार को भोपाल से दिल्ली रवाना हुई, जो इस प्रकार है-आदिल शरीफ,पीयूश नेवारे,जावेद अख्तर (कप्तान), अबूजर खान,रवि पाटनकर, नीलेश राहंगडाले, रोहित मालवीय, विशाल कहार, सरगम विश्वकर्मा,आनंद ठाकुर,नीरज पाल, सन्दीप शर्मा, जोहेब खान, शैलेन्द्र चौहान, जोगेन्द्र कुमार, बात की जाये नीलेश (विक्की)की तो ये बतौर आल राउंडर क्रिकेट खेलते हैं,तेज गेंदबाजी और मिडिल आर्डर पर बल्लेबाजी करना इन्हें पसंद है। आपके सिविल क्रिकेट में पुनः चयन होने से परिवार,रिश्तेदार,मित्रगण, शुभचिंतकों ने आपके उज्जवल भविष्य की कामना किये हैं।

## किसान हित में नहरों का सीमेंटीकरण किया जाना जरूरी- डॉ. बिसेन

# लोकसभा के शीतकालीन सत्र में सांसद ने किसानों के नुकसान पर किया ध्यान आकृष्ट



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** देश में अनेक ऐसे तालाब है जो करीब 50 से 100 वर्ष तक पुराने है। मरम्मत एवं रखरखाव के अभाव में वर्षों पुराने इन तालाबों एवं इनकी नहरें अत्यंत जीर्णक्षीर्ण अवस्था में पहुंच गई है। नहरों के जीर्णक्षीर्ण होने के कारण ज्यादातर पानी रिसकर बर्बाद हो जाता है, जिससे किसानों को सिंचाईं के लिए पानी नहीं मिल पाता है और उनकी फसलों के उपज पर प्रभाव पड़ता है। संसदीय क्षेत्र बालाघाट अंतर्गत सिवनी एवं बालाघाट में अनेक जलाशय और उसकी नहरें जीर्णक्षीर्ण अवस्था में है। यदि इनका जीर्णोद्धार एवं नहरों का सीमेंटीकरण कर दिया जाये तो पानी के रिसाव की समस्या का समाधान हो जायेगा और खासकर टेल क्षेत्र के किसानों को भी सिंचाईं हेतु पर्याप्त पानी प्राप्त हो सकेगा। उक्ताशय के विषय पर नियम 377 के अधीन लोकसभा के शीतकालीन सत्र में बालाघाट सिवनी सांसद डॉ. ढालसिंह बिसेन ने आसंदी का ध्यान आकृष्ट करते हुए बताया कि संसदीय क्षेत्र बालाघाट अंतर्गत सिवनी जिले के संजय सरोवर, अरी, बोरी, सागर, चीचबंद एवं बालाघाट जिले में राजीव सागर, पचामा, नहलेसर्रा सहित अनेक ऐसे जलाशय है जो करीब 50 से 100 वर्ष पुराने है। यह सभी जलाशय और इनकी नहरें रखरखाव एवं मरम्मत के अभाव के कारण जीर्णक्षीर्ण हालत में पहुंच गई है, जिससे पानी के रिसाव की समस्या बनी हुई है और किसानों को सिंचाईं के लिए पानी नहीं मिल पा रहा है। सिंचाई के पानी के अभाव के कारण किसानों की उपज प्रभावित हो रही है और उन्हें नुकसान हो रहा है। डॉ. बिसेन ने आसंदी से आग्रह किया कि किसानों के हित में यदि इन लघु, मध्यम और बड़े जलाशयों की नहरों का सीमेंटीकरण कर दिया जाये तो नहरों से पानी का रिसाव बंद हो जायेगा और टेल क्षेत्र तक के किसानों को सिंचाईं हेतु पर्याप्त पानी मिल सकेगा।

## मेडिकल के निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर कलेक्टर अधिकारियों को दिये आवश्यक दिशा निर्देश

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कलेक्टर श्री क्षितिज सिंघल ने मेडिकल कॉलेज के निर्माण कार्यों को लेकर लोक निर्माण विभाग (पी आई यू) तथा निर्माण ऐजेंसी के प्रतिनिधियों तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की संयुक्त बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने कार्यवार पूर्ण हो चुके एवं प्रगतिरथ कार्यों की जानकारी लेकर निर्माण ऐजेंसी को समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने प्रगतिरथ कार्यों को पूर्ण गुणवत्ता के साथ गति देने के निर्देश भी अधिकारियों को दिये। इस बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री नवजीवन पंवार, कार्य पालन यंत्री पी आई यू, सी एम एच ओ तथा सिविल सर्जन सहित अन्य संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति रही।

## शावकों की आपसी अठखेलियां



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** पेंच टाइगर रिजर्व सिवनी के रूखड बफर जोन में बाघिन अपने दो शावकों के साथ देखी गई है। बाघिन एवं शावकों की आपसी अठखेलियां देखने हेतु पर्यटकों में जबरदस्तं उत्साह है।

# 17 को पेंशनर्स गौरव दिवस एवं स्वास्थ्य शिविर

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी जिला पेंशनर्स एसोसिऐशन जिला इकाई सिवनी के तत्वाधान में 17 दिसम्बर दिन रविवार को दोपहर 1 बजे से पंवार समाज भवन बारापत्थर सिवनी में पेंशनर्स गौरव दिवस का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम अंतर्गत पेंशनरों के लिए निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं औषधि वितरण शिविर भी लगाया जायेगा। यह जानकारी जिला पेंशनर्स एसोसिऐशन के अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह सिसोदिया ने देते हुए बताया कि पेंशनर्स गौरव दिवस कार्यक्रम सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन के मुख्य आतिथ्य, संगठन के प्रांत अध्यक्ष एडवोकेट राजकुमार दुबे, संभागीय पेंशन अधिकारी अजय सामदेकर के विशिष्ट आतिथ्य एवं संगठन के उप प्रांताध्यक्ष डी.बी.नायर, जिला इकाई अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह सिसोदिया की अध्यक्षता में आयोजित किया जा रहा है। मंचीय कार्यक्रम के साथ ही पेंशनरों के लिए निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं औषधि वितरण शिविर भी लगाया जायेगा। इस शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा सभी प्रकार की जांच की जाकर परामर्श दिया जायेगा। श्री सिसोदिया एवं श्री नायर ने जिले भर के पेंशनरों को आमंत्रित करते हुए उपस्थिति की अपील की है।

## केवलारी नगर में निकली भव्य शोभा यात्रा

# अक्षत कलश यात्रा में जगह जगह हुई पुष्प वर्षा






**हरिभूमि न्यूज केवलारी।** अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि में श्रीराम जी का भव्य मंदिर का निर्माण हो रहा है जिसके चलते अयोध्या से देशभर में अक्षत कलश एवम विभिन्न प्रकार की सामग्री पहुंचाई जा रही है । साथ ही श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम देशभर में आयोजित किये जा रहे हैं इसी क्रम आज केवलारी नगर में अक्षत कलश की बैंड बाजो ओर झांकियो के साथ भव्य शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें सेकड़ो की संख्या में नगरवासियो ने बढ़चढ़कर पूरे हर्ष के साथ हिस्सा लिया साथ ही यात्रा में अधिक से अधिक लोगो को कलश रखने का अवसर मिले ऐसी व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई।

यात्रा में बाल स्वरूप राम सीता लक्ष्मण एवम हनुमान जी रथ में बैठकर निकले जिनका जगह जगह पुष्पवर्षा ओर तिलक आरती कर स्वागत किया। यात्रा बड़े ग्राउंड से निकलकर नगर के विभिन्न मार्गो से होते हुए खेरमाई मंदिर पहुंची जहां कलश पूजन कर स्थापना की गई। बता दे कि श्रद्धालु खेरमाई मंदिर पहुंचकर अक्षत कलश दर्शन एवम पूजन अर्चन कर सकते हैं। यात्रा के पश्चात शेष कलश केवलारी के तीनों खंडों में पहुंचाए दिए जाएंगे। कार्यक्रम में महिलाओं,बुजुर्गो एवम युवा वर्ग ने पूरे उत्साह और जोश के साथ बढ़चढ़कर हिस्सा लिया । भंडारा प्रसाद वितरण के बाद कार्यक्रम का समापन हुआ।

# पेंच टाइगर रिजर्व में 3 दिवसीय रीजनल रेस्क्यू स्क्वॉड का किया गया आयोजन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** पेंच टाइगर रिजर्व सिवनी प्रबंधन द्वारा एस.बी.आई. फाउंडेशन के सहयोग से खवासा बफर परिक्षेत्र में दिनांक 11.12.2023 से 13.12.2023 तक 03 दिवसीय रीजनल रेस्क्यू स्क्वॉड का आयोजन किया गया जिसमें मध्यप्रदेश से कुल 16 रेस्क्यू स्क्वॉड सदस्यों ने भाग लिया। यह प्रशिक्षण मुख्यतः हाथियों एवं भालू के रेस्क्यू से संबंधित था जिसमें वाईल्डलाईफ एस.ओ.एस. नामक एन.जी.ओ. से प्रसिद्ध दो वन्यप्राणी विशेषज्ञ डॉ. एस. इलयाराज एवं श बैजूराज एम.वी. द्वारा रेस्क्यू के दौरान बरती जाने वाली सावधानियां तथा तकनीकी स्तर से आसान रेस्क्यू कैसे किया जाए इसका प्रशिक्षण दिया गया। इसके साथ ही कान्हा नेशनल पार्क से आये डॉ. संदीप अग्रवाल, बांधवगढ़ नेशनल पार्क से डॉ. नितिन गुप्ता, संजय डुबरी नेशनल पार्क सीधी से डॉ. अभय सेंगर, उज्जैन रेस्क्यू स्क्वॉड से डॉ. अरविंद मैथानिया द्वारा किये गये रेस्क्यू के बारे में सभी को अवगत कराया गया तथा रेस्क्यू के दौरान आने वाली परेशानियों तथा उनसे निपटने के बारे में भी बताया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य वन्यप्राणी रेस्क्यू को सुरक्षित सफल और आसान बनाना था जिससे मानव - वन्यप्राणी द्वंद को कम किया जा सके। इस कार्यशाला में पेंच टाइगर रिजर्व सिवनी के मुख्य वन संरक्षक एवं क्षेत्र संचालक देवा प्रसाद जे., उप संचालक शरजनीश कुमार सिंह, सहायक वन संरक्षक छिंदवाड़ा क्षेत्र बी.पी.तिवारी, सहायक वन संरक्षक सिवनी क्षेत्र नरेश पाटीदार, वन्यप्राणी चिकित्सक डॉ.अखिलेश मिश्रा एवं अन्य क्षेत्रीय स्टॉफ ने उपस्थित रहकर पेंच के मैनेजमेंट की गतिविधि समझाई।

# भारतीय भाषा दिवस के अंतर्गत भाषायी एकता में विविधता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस शासकीय कन्या महाविद्यालय सिवनी में प्रो. प्राचार्य डॉक्टर अमिता पटेल ,प्रशासनिक अधिकारी प्रो. पन्नालाल सनोडिया ,कार्यक्रम प्रभारी डॉक्टर अर्चना चंदेल, प्रो, ओम प्रकाश सरवैया की उपस्थिति में भारतीय भाषा दिवस के अंतर्गत भाषायी एकता में विविधता कार्यक्रम, प्रांतीय व्यंजन प्रतियोगिता, नृत्य एवं गीत प्रतियोगिता के साथ सेमिनार का आयोजन किया गया ।सेमिनार का विषय भाषायी विविधता में एकता और राष्ट्रीयता है जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में अग्रणी महाविद्यालय सिवनी के हिंदी विभाग के प्रो. डॉक्टर सत्येंद्र शेंडे ने भारत की विभिन्न भाषाओं पर प्रकाश डालते हुए उनके महत्व एवं अनेकता में एकता की बात की ,भााषा के लिए हुए इस सेमीनार में भाषाओं पर चर्चा की उन्होंने आगे अपने व्याख्यान में कहा मातृभाषा और मातृभूमि हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि हम भाषायी एकता की बात कर रहे हैं और भाषाई एकता हमें दिखानी है तो इस महाविद्यालय से बड़ा प्रतीक और क्या होगा यहां पर भाषायी एकता दिखाई देती है। इस महाविद्यालय में हिंदी अंग्रेजी और उर्दू के प्राध्यापक हैं ।भाषायी एकता तो यहीं दिखाई दे रही है यह बहुत बड़ी बात है। मैं नमन करता हूं इस महाविद्यालय की माटी को मैं इसके परिसर में खड़ा हूं यह एक बहुत ही ऐतिहासिक परिसर है जहां पर बाबू सुभाष जो बंगाली भाषी थे वह यहां कैद रहे। मराठी भाषी रहे आचार्य विनोबा भावे वह भी इसी महाविद्यालय मैं जो पहले जेल हुआ करता था वह भी यहां कैद कैद थे, सुभद्रा कुमारी चौहान हिंदी भाषी जो जबलपुर निवासी थी वह भी कैद रही। कैद होना कोई बुरी बात नहीं है यह महाविद्यालय वह मिट्टी है वह परिसर है जहां विभिन्न भाषाओं के लोग विभिन्न प्रांतो के लोग यहां आते रहे जो अपनी मातृभूमि के लिए अपने देश के लिए कैद हुआ करते थे। गर्ल्स कॉलेज से बड़ी मिसाल भाषाई एकता की सिवनी जिले में कोई हो ही नहीं सकती साथ ही आपने कहा कि 11 दिसंबर का आयोजन भाषा दिवस है सुब्रमण्यम स्वामी जी का हम जन्मदिन मनाने जा रहे हैं। स्वामी जी ने भाषाई एकता के लिए एक पुल का काम किया है। दक्षिण भारत की संस्कृति को उत्तर भारत की संस्कृति से जोड़ने का कार्य किया। भाषाई एकता होनी चाहिए स्वामी जी ने साहनी संदेश दिया है। आज बहुत ज्यादा जरूरत है भाषायी एकता की क्योंकि भारत सबसे बड़ा लोकतंत्र है। लोकतंत्र की उन्नति के लिए, लोकतंत्र की तरक्की के लिए, भाषाईयों का एक सूत्र में बंधा रहना बहुत जरूरी है। उन्होंने ३मिले सुर मेरा तुम्हारा३ का वीडियो प्रस्तुत किया।उन्होंने कप्तान हडसन का जिक्र किया जिसने बहादुर शाह जफर को गिरफ्तार किया था। हडसन ने भी उर्दू सीखी थी उसे पता था कि भारत को तोड़ना है तो हमें उर्दू सीखना पड़ेगा। हडसन ने जब बहादुर शाह जफर को गिरफ्तार किया तो बहादुर शाह जफर के सामने एक शेर कहा । मुख्य वक्ता जिला निकाह काज़ी मोहम्मद राशिद सल्फी ने कहा कि आजादी से क़ब्ल की शाम अपने अज़ीमुशशान समाजी व सकाफती मंजर नामा और माआशी हालात के बावजूद सभी हिंदुस्तानियों के लिए काबिले एतराम जगह बनाना हिंदुस्तान के पहले वज़ीर ए आज़म जवाहरलाल नेहरू के लिए एक बड़ा लेकिन मुखलिसाना सियासी चेलेंज था। उन्हें मुल्क को मज़ीद तक्सीम होने से बचाने और रियासतों की एक यूनियन की शक्ल में उसकी सालमियत की हिफाजत करनी ही थी. हिंदुस्तान दुनिया की कदीम तरीन तहज़ीब का एक मारूफ मुल्क है जहां कई नसली गिरोह बरसों से एक साथ रहते आए हैं हिंदुस्तान मुख्तलिफ तहजज़ीबों का मुल्क है जहां लोग अपने मज़हब और ख्वाहिश के मुताबिक तकरीबन 1650 जुबाने और बोलियां इस्तेमाल करते हैं सकाफत, रिवायत, मज़हब और ज़ुबान से अलग होने के बावजूद यहां के लोग एक दूसरे का एतराम करते हैं और भाईचारे के बहुत से जज़्बात के साथ मिलजुल कर रहते हैं। लोग हिंदुस्तान की सर ज़मीन पर यहां और वहां रहते हैं और भाईचारे के जज़्बात से जुड़े हुए हैं हमारी कौम के अज़ीम किरदारों में से एक किरदार ३विभिन्नता में एकता ३है जो तमाम मज़ाहिब के लोगों को इंसानियत के रिश्ते में बांधता है प्रो. ओम प्रकाश सरवैया ने इस कार्यक्रम में भाषायी विविधता को बताते हुए उनके महत्व पर विस्तृत रूप से चर्चा की और बताया की भारत की भाषाएं अपने आप में एक बेहद ही अनूठा एवं अपनेपन का अंदाज लिए हुए हैं जिसमें आत्मीयता झलकती है । कार्यक्रम का संचालन प्रो. ओम प्रकाश सवैया ने किया तथा अंत में आभार प्रदर्शन डॉक्टर अर्चना चंदेल एवं हेमराज नागवंशी ने किया



# चावल उद्योग महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष आशीष अग्रवाल द्वारा मिलर्स के हित में रखी मांग

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** नगर में रहने वाले आशीष आशु अग्रवाल प्रदेश अध्यक्ष चावल उद्योग महासंघ द्वारा मध्यप्रदेश चावल उद्योग महासंघ के प्रतिनिधिमंडल के साथ बल्लभ भवन मैं खाद्य एवं आपूर्ति निगम के प्रमुख सचिव उमाकांत उमराव की अध्यक्षता मैं आयोजित बैठक मैं भाग लिया गया जिसमे प्रबंध संचालक तरुण पिथोरे वेयर हाउसिंग के प्रबंध संचालक दीपक सक्सेना शामिल हुए बैठक मे महासंघ की और से प्रदेश अध्यक्ष आशीष अग्रवाल द्वारा अधिकारियों के समक्ष प्रदेश के मिलर्स को शासन द्वारा जारी की गई नीति मैं जो विसंगतियां है उनको दूर करने के लिए 9 बिंदुओं का आवेदन दिया गया जिस पर प्रमुख सचिव द्वारा शीघ्र निराकरण कराए जाने का लिखित आश्वासन दिया गया।

**खबर संक्षेप**

### दो बाइक आपस में टकराई, दो घायल

**बालाघाट।** कोतवाली थाना क्षेत्र के अवंती बाई चौक के पास दो बाइक आपस में टकरा गई। हादसे में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती किया गया। अस्पताल पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार प्रमोद पिता रेवन नागपुरे (19) निवासी बोदा गुरुवार दोपहर करीब 2:30 बजे बोदा से सगाई कार्यक्रम में कुमारी बाइक से जा रहा था। तभी कुमारी की ओर से आ रहे मोहित पिता जगत धनकरें (25) निवासी खेरी की बाइक से उसकी अवंती बाई चौक पर भिड़ंत हो गई। जिससे दोनों घायल हो गए। घायलों का जिला अस्पताल में उपचार जारी है।

### तीन दिवसीय आयुष्मान शिविर का आयोजन आज से

**बालाघाट।** मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार आयुष्मान भवः अभियान के अंतर्गत नगर की समाज सेवी संस्था सहस्त्रबाहु एजुकेशनल एवं सोशल वेलफेयर सोसायटी द्वारा तीन दिवसीय आयुष्मान शिविर का आयोजन किया गया है जिसमें योजना में पात्र हितग्राहियों अपना आयुष्मान कार्ड बनवा सकते है। संस्था की श्रीमति नूतन ताम्रकार द्वारा बताया गया कि यह आयोजन दिनांक 15, 16 एवं 17 दिसम्बर को रेशुल किराना के पास मोतीतालाब रोड मोतीनगर बालाघाट में आयोजित किया जायेगा। यहां पात्र हितग्राहियों को कार्ड बनाने के साथ साथ, आयुष्मान कार्ड में अपडेशन का कार्य भी करवा सकते है। हितग्राही पात्रता संबंधित जानकारी संस्था के व्हाटएप्स नंबर 9907574286 पर अपनी परिवार समग्र आईडी भेजकर अथवा आयुष्मान विभाग की टोलफ्री नं. 14555 के माध्यम भी जानकारी प्राप्त कर सकते है। शिविर में हितग्राही को परिवार समग्र आईडी, आधार कार्ड एवं मोबाईल नंबर लाना अनिवार्य है। आधार ओटीपी अथवा बायोमेट्रिक्स दोनों की सुविधा के साथ अपना कार्ड बनवा सकते है। एमपी के आयुष्मान पोर्टल पर अपडेशन के कारण विगत अक्टूबर माह से नये कार्ड बनने का कार्य बंद किया था जो अब नये पोर्टल पर पुनः प्रारंभ किया गया है। यहां आयुष्मान भारत योजना कार्ड द्वारा भारत में 5 लाख रूपये तक के कैशलेस उपचार की गारंटी सरकार द्वारा दी जाती है।

### मध्यप्रदेश फुटबॉल लीग प्रतियोगिताः भोपाल ने बड़वानी पर दर्ज की एकतरफा जीत

**बालाघाट।** जिले में 10 दिसंबर से खेली जा रही मध्यप्रदेश फुटबॉल लीग प्रतियोगिता के पांचवे दिन 14 दिसंबर को लेग सिटी भोपाल और एफसी बड़वानी के बीच फुटबॉल लीग मैच खेला गया। इस मैच में बतौर अतिथि चेंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज अध्यक्ष अभय सेठिया, शिक्षाविद श्रीमती मोनिका एलकर, पूर्व नपाध्यक्ष रमेश रंगलानी उपस्थित थे। दोपहर 02 बजे मुलना मैदान में खेला गया, यह मैच एकतरफा रहा और लेग सिटी भोपाल ने फर्स्ट हॉफ से 4 गोल की बढ़त बना ली, सेकंड हॉफ में दोनो ही टीमों ने कोई गोल नहीं किया। इस तरह लेगसिटी भोपाल ने 4-0 से बड़वानी को पराजित कर दिया और लीग टेबल में 03 अंक हासिल किए।

### सोलर पैनल के लिये 10 दिनी प्रशिक्षण का आयोजन

**बालाघाट।** स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के माध्यम से विद्यार्थियों के भविष्य में स्वसक्षम बनाने के लिये कौशल विकास उन्नयन के लिए महाविद्यालय में विद्यार्थियों को सोलर पेनल टेक्निषियन का 10 दिवसीय प्रशिक्षण 13 दिसम्बर से 23 दिसम्बर तक निशुल्क प्रदान किया जा रहा हैं। यह प्रशिक्षण अंतराष्ट्रीय शिक्षा एवं कौशल विकास संस्थान जबलपुर के द्वारा प्रदान किया जा रहा हैं।

## निर्देशों के बाद खुले में मांस विक्रय पर पालन हुआ प्रारंभ

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के संचालन के लिये मुख्यमंत्री ने की पहली वीसी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पदभार ग्रहण करने के पश्चात खुले में तथा बिना अनुमति पत्र के पशु मांस तथा मछली विक्रय के संबंध में जारी किये गए नवीन निर्देशों पर सीएमओ दिशा डहरिया शहर के सब्जी व मांस तथा मछली बाजार के निरीक्षण के लिये पहुंची। सीएमओ ने वार्ड न.30 स्थित सरेखा मछली मार्केट में मांस एवं मछली का विक्रय करने वाले विक्रेताओं से सम्पर्क कर उन्हें खुले में मांस और मछली के बेचने तथा प्रदर्शन संबंधी निर्देशों के पालन के लिये समझाईश दी। साथ ही उन्होंने विक्रेताओं से कहा कि आगामी समय में दुकानों को शहर के बाहर शिफ्ट किया जायेगा। इसके लिये विधिवत रूपरेखा तैयार की जायेगी। अभी मांस व मछली दुकानों को शिफ्ट किया गया इसके लिए नपा ने समतलीकरण करने के बाद स्थानांतरित की। ज्ञात हो कि पहली बार वीसी के माध्यम से जिला कलेक्टरर्स और कमिश्नरर्स के साथ सीएम डॉ. यादव ने गुरुवार को आदेशों के पालन के लिये निर्देश दिये है। साथ ही उन्होंने विकसित भारत संकल्प यात्रा की तैयारियों के मद्देनजर डिंडोरी, जबलपुर और उज्जैन कलेक्टरर्स से यात्रा के लिये अब तक की गई तैयारियों के बारे में जाना। यात्रा की तैयारियों के अलावा सीएम डॉ. यादव ने खुले में मांस विक्रय व प्रदर्शन गंभीर अपराधों और आदतन अपराधियों की जमानत और धार्मिक स्थलों पर लाउड स्पीकर के संबंध में निर्देशित किया कि यह निर्देश और आदेश सुप्रीम कोर्ट द्वारा पूर्व में भी प्रसारित किये गए थे मगर किसी कारण से लागू नही हो पा रहे थे। इन निर्देशों का पालन सुनिश्चित किया जाना है। वीसी के दौरान कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा, जिपं सीईओ श्री डीएस रणदा, नपा सीएमओ दिशा डहरियॉ, महिला बाल विकास अधिकारी एनआईसी के एसके ठाकरे व ई-गवर्नेंस के अनिल लिल्हारे मौजूद रहे।

### आज मुख्यमंत्री कलेक्टर कमिश्नर सहित जनप्रतिनिधियों से होंगे रूबरू

शुक्रवार को मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रदेश के समस्त कलेक्टर्स, कमिश्नर्स, सीईओ जिला पंचायत, नगर निगम आयुक्त, कृषि व नगरीय निकायों के अधिकारियों के अलावा सांसद, विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष व निकायों के अध्यक्ष के साथ वीसी के माध्यम से जुड़ेगें। सीएम डॉ. यादव प्रातः 10:30 बजे मंत्रालय स्थित वीसी कक्ष से विकसित भारत संकल्प यात्रा की सफलता के संबंध में संबोधित करेंगे।



## उपार्जन के संबंध में कलेक्टर ने मिलर्स के साथ की बैठक

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने गुरुवार को समर्थन मूल्य पर उपार्जन के संबंध में जिले के समस्त मिलर्स के साथ बैठक की। बैठक में नागरिक आपूर्ति और मार्केटिंग तथा मिलर्स के बीच के बिंदुओ पर विस्तार से चर्चा की गई। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने बैठक के दौरान धान उपार्जन में निरंतर उठाव तथा उपार्जन में समस्त मिलर्स की भूमिका को देखते हुये उन्हें व्यावहारिक तौर पर सम्भावित समस्याओं के निराकरण के लिये विभिन्न मसलों पर चर्चा हुई। कुछ दिनों पूर्व उपार्जन के संबंध में मिलर्स के साथ भोपाल से हुई बैठक के पश्चात जिला स्तर पर विभिन्न बिंदुओ पर निर्णय लिये गए। बैठक में चावल की एनओसी के संबंध में ऑनलाईन इंट्री, ऑनलाईन पोर्टल के बिंदु वर्ष 2021-22 के भूगतान के इस्टेटमेंट, बारदानों की वापसी तथा रिकॉर्ड और गुगलशीट में बारदानों की गिनती के संबंध में सहमति के साथ निर्णय लिये गए। इस दौरान खाद्य आपूर्ति अधिकारी श्रीमती ज्योति बघेल आर्य, नागरिक आपूर्ति निगम और मार्केटिंग के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा के लिये 4 जनपदों की 323 पंचायतों का रूट तैयार

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** विकसित भारत संकल्प यात्रा की सफलता के लिये जिला प्रशासन द्वारा हर स्तर पर तैयारियॉं की जा रही है। 16 दिसम्बर से प्रारंभ होने वाली इस यात्रा के लिये 4 जनपदों की 323 ग्राम पंचायतों का रूट चार्ट तैयार कर सम्बंधित जनपदों के सीईओ को नोडल अधिकारी तथा खंड पंचायत अधिकारी को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। विकसित भारत संकल्प यात्रा 16 दिसम्बर को बैहर के जेदपुरी, समरिया, लांजी के भानेगांव, मोहारा, परसवाड़ा के नाटा, सुकड़ी और कटंगी के जरामोहगांव व आगरी से प्रारंभ होगी। 26 जनवरी तक आयोजित होने वाली इस यात्रा के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में भारत शासन की 19 योजनाओं तथा शहरी क्षेत्रों में 16 योजनाओं के अंतर्गत पात्र अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने की रूपरेखा तैयार की गई है। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने इस यात्रा के संबंध में नोडल अधिकारियों के आदेश जारी कर दिये है। साथ ही उन विभागों को पृथक से प्रशिक्षण के पश्चात योजनावार रूपरेखा तैयार करने के निर्देश दिये है जिनमें पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाना है। इसके अलावा जिपं सीईओ श्री डीएस रणदा ने यात्रा के लिये अलग अलग कार्यो के लिये अधिकारियों को दायित्व सौंपते हुये आदेश जारी किये है।



**स्कूली विद्यार्थी क्विज प्रतियोगिता में और महिलाएॅं स्वास्थ्य जांच कराएगीः** जिला पंचायत सीईओ श्री रणदा ने जिला शिक्षा अधिकारी और महिला बाल विकास के अधिकारियों को क्विज प्रतियोगिता तथा स्वास्थ्य शिविर में उपचार व जांच के लिये निर्देश दिये है। उन्होंने कहा कि यह यात्रा स्कूली विद्यार्थियों के लिये काफी ज्ञानवर्धक साबित होगी। यात्रा के दौरान क्विज प्रतियोगिता आयोजित होगी। जिसमें विद्यार्थी शामिल होंगे। इसके अलावा यात्रा के दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित होंगे इसमें गर्भवती माता बहनों के समस्त टीकाकरण तथा आवश्यक जांच को प्राथमिकता देने के लिये महिला एवं बाल विकास के कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया है।

### लालबर्रा खंड के 15 मंडलों को 15 अक्षत कलश सौंपे गये

## श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र स्थल अयोध्या में भगवान श्रीराम लला प्राण प्रतिष्ठा को लेकर लालबर्रा खंड में आयोजित हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।



श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र स्थल अयोध्या में प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर का लोकार्पण 22 जनवरी 2024 को होने जा रहा है। इसके उपलक्ष्य में अक्षत कलश सभी सनातनियों को निमंत्रण देने पहुंचाया जा रहा है। इसी उद्देश्य से भगवान राम की नगरी अयोध्या से आये अक्षत कलश बालाघाट जिले के लालबर्रा खंड (तहसील) की पावन धरा पर पहुंचा, जिसका अक्षत कलश नगर भ्रमण धूमधाम से किया गया, जिसके बाद 14 दिसंबर को सभी धार्मिक सामाजिक सभी सनातनियों की एक वृहद बैठक सांई मंगलम लान में संपन्न हुई। जिसमें लालबर्रा खंड से खंड केंद्र के सभी 15 मंडल- लालबर्रा, बघोली, नगपुरा, ददिया, खमरिया, बल्हारपुर, कटंगझरी, नेवरगांव (वा.), निलजी, कनकी, मोहगांव (ध.), घोटी, जाम, कंजई, नेवरगांव (ला.) में 15 अक्षत कलश सामाजिक धार्मिक कार्यकर्ताओं को सौंपे गये, जो सभी 15 मंडल केंद्र बिंदु के ग्राम के कार्यकर्ता अपने-अपने मंडल केंद्र पर सभी धार्मिक सामाजिक सनातनियों की उपस्थिति में अपने-अपने मंडल केंद्र के ग्राम पर अक्षत कलश यात्रा भ्रमण करायेंगे। इसके बाद मंडल केंद्र के बाद मंडल केंद्र के अंतर्गत जितने ग्राम शामिल हैं, उन ग्राम के धार्मिक सामाजिक कार्यकर्ताओं को अक्षत कलश सौंपे जाएंगे। वह भी इसी प्रकार अपने-अपने ग्राम में अयोध्या राम मंदिर से पहुंचे अक्षत कलश यात्रा का अपने-अपने ग्राम में भ्रमण कराकर घर-घर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र स्थल भगवान श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण पहुंचाने का ईश्वरीय कार्य करेंगे।

इस अक्षत कलश यात्रा का उद्देश्य श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र स्थल अयोध्या में लंबे समय के इंतजार के बाद प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है, 22 जनवरी 2024 को जिसका लोकार्पण होना सुनिश्चित किया गया है। इस दिन सर्व हिंदू समाज अपने-अपने गांव के मंदिरों को सजाएं व मंदिरों में भजन कीर्तन विशेष आरती कर एवं अपने-अपने घरों में भी दीपावली की तरह 11 दीपक जलाकर दीपावली उत्सव की तरह इस दिन भी प्रभु श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में दीपावली जैसा उत्सव मनाने के लिए संदेश देने हेतु यह अक्षत कलश यात्रा देश प्रदेश के सभी स्थानों पर निकाली जा रही है।

## श्री शिव सांई मंदिर का वार्षिक उत्सव, मंदिर में लगाया 56 भोग

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



श्री शिव सांई मंदिर ट्रस्ट ने प्रतिमा स्थापना के 18वें वर्ष तीन दिवसीय वार्षिक उत्सव मनाया। गुरवार को महाप्रसाद वितरण के साथ इसका समापन हो गया। श्री सांई धाम शिर्डी के विद्वान पुरोहितों के मार्गदर्शन में वार्षिकोत्सव में पूजन, अभिषेक, हवन किया। 56 भोग का नैवेद्य लगाकर शोभायात्रा निकाली।

तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव में 12 दिसंबर को सायं 4 बजे श्री सांई बाबा की पालकी यात्रा निकाली गई। जो मंदिर से प्रारंभ महावीर चौक, मेन रोड होकर राजघाट चौक, काली पुतली चौक, आम्बेडकर चौक से गोंदिया रोड होते हुए हनुमान से मेन रोड होते हुए सुभाष चौक, महावीर चौक से वापस मंदिर पहुंची। 13 दिसंबर को सुबह 5 बजे श्री सांई बाबा की काकड़ आरती, प्रातः 7 बजे मंदिर में उपस्थित सभी सांई भक्ता द्वारा अभिषेक, प्रातः 8 बजे से कुशा के 16 खंबों के बने विशेष पूजन मंडप में शिडी के विद्वान पुरोहित द्वारा पूर्ण वैदिक विधि विधान से पूजन कराया गया। अंतिम दिन गुरुवार को सुबह 6 बजे श्री सांई बाबा का अभिषेक, प्रातः 8 बजे से पूजन प्रारंभ दोपहर 12 बजे पूर्ण आहूति, 56 भोगों का नैवेध एव आरती पश्चात महाप्रसाद (भंडारे) कराया गया। वार्षिकोत्सव पर आयोजित कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए।

### पानी में डूबने से मृत्यु हो पर वैध वारिस को 4 लाख की आर्थिक सहायता

**बालाघाट।** अनुविभागीय अधिकारी कटंगी द्वारा आरबीसी 6/4 के अंतर्गत 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है। तहसीलदार तिरोड़ी के जांच प्रतिवेदन और डॉ. तथा पुलिस थाना तिरोड़ी की रिपोर्ट के अनुसार प्राकृतिक आपदा के अंतर्गत 9 सितम्बर 2023 को तिरोड़ी की नहर के पानी में डूबने से गौरीशंकर पिता नत्थूलाल की मृत्यु हुई थी। मृत्यु के पश्चात मृतक की पत्नी पुष्तकला पति गौरीशंकर जाति गोवारी हीरापुर को आरबीसी 6/4 के अंतर्गत 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है।

## कांग्रेसी पार्षदों ने भी छोड़ी सफाई सुविधा, सभी पार्षद करेंगे वार्डों की सफाई

### नपाध्यक्ष बोले- जनता को परेशान कर रहे सभी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट नगरपालिका में सफाई को लेकर अध्यक्ष और कांग्रेस पार्षदों को विवाद गहरा रहा है। नेता प्रतिपक्ष के बाद 10 पार्षदों ने भी नपा की सफाई सुविधा लेने से इनकार कर दिया।

इधर, नपाध्यक्ष भारती सुरजीतसिंह ठाकुर का कहना है कि कांग्रेसी पार्षद अपने वार्ड और शहर की जनता को परेशान कर रहे हैं। मैं और मेरी परिषद बिना किसी भेदभाव के नगर के सभी वार्डों में आवश्यकतानुसार पहले की तरह ही सफाईकर्मी और वाहन उपलब्ध करवा रही है। उन्होंने कांग्रेस पार्षदों से सवाल पूछा है कि परिषद गठन के बाद से उसी तरह वाहन और सफाई कर्मी मिल रहे तो आज कांग्रेस यह आवाज क्यों उठा रही है?नेता प्रतिपक्ष कारो लिल्हारे ने बताया कि वाहन और सफाईकर्मियों की कमी से वार्ड में समस्या आ रही है। इसलिए नगरपालिका से दी जाने वाली सफाई व्यवस्था लेने से इनकार कर दिया है। सभी कांग्रेस पार्षदों ने भी सफाई व्यवस्था के लिए मना कर दिया है। हम सभी 11 पार्षद, प्रतिदिन एकदूसरे के वार्डों में जाकर सफाई करेंगे। मतगणना के बाद वार्ड 03, 09 और 10 में सफाई कर्मियों को कम करने की जानकारी मुझे भी मिली है। इन वार्डों की जनता का क्या दोष है।

उन्होंने बताया कि यह जानकारी नवनिर्वाचित विधायक अनुभा मुंजारे तक भी गई है और उन्होंने इसे गंभीरता से लिया है। सफाई सुविधाओं में कमी के बावजूद इन वार्डों के पार्षदों का आगे आकर नहीं बोलना समझ से परे है। उन वार्डों की जनता में काफी आक्रोश है। वह हमारा साथ देना चाहते हैं तो हम तैयार हैं।



### किसी से कोई भेदभाव नहीं

नपाध्यक्ष ने कहा कि पूर्व की व्यवस्था अनुसार ही कार्य किया जा रहा है, पहले जितने लेबर और वाहन था, अब भी उतना ही है। जिन वार्डों में वाहन नहीं जा रहे हैं, वहां हाथ गाड़ी व ट्रैक्टर भेज रहे हैं। जल्द ही 16 सफाई वाहन खरीदेंगे। सफाईकर्मी कम किए जाने के आरोप पर कहा कि ऐसी तुच्छ मानसिकता के साथ हम काम नहीं करते हैं। हमने कभी किसी वार्ड में भेदभाव नहीं किया है।

## मॉयल में वर्ष 2023-2024 का 34 वां खान पर्यावरण एवं खनिज सप्ताह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



मॉयल लिमिटेड भारत सरकार के ईस्पात मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत 1 अनुसूची ए मिनीरत्न श्रेणी सी.पी.एस.ई है मॉयल देश में मैंगनीज अयस्क का सबसे बडा उत्पादक है जो घरेलू उत्पादन में 45 प्रतिशत का योगदान देता है, इसकी महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश राज्य में 10 खदाने संचालित है, कंपनी का 2030 तक अपने उत्पादन को 2 गुना से अधिक 3.50 मिलियन टन तक पहुंचाने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य है मॉयल म.प्र. राज्य के अन्य क्षेत्रो के अतिरिक्त गुजरात, राजस्थान, छत्तीसगढ, उडीसा राज्यो में व्यवसायिक अवसरो की खोज कर रहा है, इंडियन ब्यूरो ऑफ माईन्स नागपूर परिक्षेत्र के तत्वाधान में 34 वां खान पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण सप्ताह एमईएमसी जो दिसंबर से शुरू होकर 16 दिसंबर तक मनाया जा रहा है, जिसकी मेजबानी मॉयल द्वारा किया गया है, इस सप्ताह का आयोजन भरवेली, उकवा, तिरोडी सहित कंपनी के अन्य खदानो में भी मनाया जा रहा है, इसमे 36 धात्विक खानो ने सक्रिय रूप से भाग लिया जो नागपूर परिक्षेत्र से संबंधित है, प्लेग ऑफ डे के दिन खानो समूह के प्रमुखो द्वारा विविध निरिक्षण किए गए जो एमईएमसी सप्ताह कांसिल के संरक्षक जी.राम., डीसीओएम/आरसीओएम प्रमुख, आईबीएम, नागपूर के निरीक्षक ओ.पी.गोपाल, आरएमजी, आईबीएम नागपूर एवं प्रशांत करैया कार्यकारी निदेशक तकनीकि, उनके सहयोगी अधिकारी विकास परिदा, किशोर चंद्राकर, आदि उपस्थित थे, इस अवसर पर आईबीएम नागपूर परिक्षेत्र के तथा मॉयल के अधिकारीगण सीमेंट उद्योग के वाईस प्रेसिडेंट तथा खानो के मालिक अभिकर्ता एवं प्रबंधक ने भी भाग लिया।

### पुरातत्व स्मारक पर लेखन और पेंटिंग की प्रतियोगिताओं का आयोजन

**बालाघाट।** मप्र में विश्व धरोहर सप्ताह के तहत 19 से 25 नवंबर 23 तक राज्य के संग्रहालयों और स्मारकों में आकर्षक कार्यक्रम आयोजित किए गए थे। इसी क्रम में 18 से 30 वर्ष के युवाओं के लिए एक ऑनलाइन निबंध लेखन और पेंटिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जा रहा है। दोनों प्रतियोगिताएं पुरातत्व, अभिलेखागार और संग्रहालय संचालनालय के अधीन राज्य पुरातत्व स्मारक के साथ जिले की पुरातत्व धरोहर, प्राचीन चित्रों व पुरातत्व से जुड़े महत्व पर समग्रता लिए हुए विषय पर आयोजित की जा रही है। इन दोनों ही प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए अंतिम दिनांक में बदलाव किया गया है।

## ग्राम देवरबेली में परिक्षेत्र अधिकारी ने ली वन सुरक्षा समिति की बैठक

### अवैध कटाई, अतिक्रमण एवं अवैध परिवहन रोकथाम हेतु ग्रामीणों को दी गई समझाईश

हरिभूमि न्यूज लांजी।



वन विभाग लांजी द्वारा वनों की अवैध कटाई, अतिक्रमण तथा अवैध परिवहन पर रोकथाम के लिए अभियान लगातार जारी है। इस तारतम्य में वन परिक्षेत्र अधिकारी अभिषेक जाट के नेतृत्व में वनविभाग की टीम द्वारा नक्सल प्रभावित ग्रामों का दौरा किया एवं ग्राम देवरबेली में वन सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन किया गया जिसमे ग्राम देवरबेली, उलटनाला, सातुझोड़ी के ग्रामीण उपस्थित थे। परिक्षेत्र अधिकारी द्वारा ग्रामीणों को अवैध कटाई, अतिक्रमण, अवैध परिवहन रोकथाम हेतु समझाइश दी गई। बैठक में परिक्षेत्र अधिकारी अभिषेक जाट वन परिक्षेत्र अधिकारी पूर्व लांजी (सा), सरपंच ग्राम पंचायत देवरबेली, अध्यक्ष वन सुरक्षा समिति देवरबेली, अध्यक्ष वन सुरक्षा समिति नल्लेझरी, आशीष नागेश्वर प.स. बीजागढ़, एन.के. चौरे प.स. घोटी, नसरत सिद्धिकी वन रक्षक, संजय चौहान वन रक्षक, राहुल ऊके वन रक्षक, राकेश मंदरे वन रक्षक,जाकिर खान वन रक्षक उपस्थित थे।